नवोदय टाइम्स
SAT,17 MAY 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 4

# राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन समिति की बैठक

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम कार्यालय में आयोजन


ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक करते हुए।

गुड़गांव, 16 मई (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के उप क्षेत्रीय कार्यालय में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 64वीं बैठक का आयोजन संयुक्त निदेशक प्रभारी सुनील यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कार्यालय के सभी अधिकारियों, कार्यालय अधीक्षकों एवं शाखा कार्यालय प्रबंधकों ने भाग लिया।

सदस्य सचिव डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक(राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर डॉ. पूरनचंद टंडन को इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिंदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रही है। सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग व प्रचार-प्रसार बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में राजभाषा हिंदी के प्रति स्नेह व इसका कार्यालय में कार्यान्वयन अप्रतिम है।

बैठक में जनवरी-मार्च-2025 तिमाही के आंकडों की समीक्षा गई। समीक्षा करते हुए डॉ. स्वीटी यादव ने बताया कि कार्यालय की सभी शाखाओं द्वारा हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जा रहे हैं। धारा-3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेज द्विभाषी रूप में ही जारी किए जा रहे हैं। कार्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले सभी मूल पत्र हिंदी में ही जारी किए जा रहे हैं तथा कार्यालय द्वारा सभी टिप्पणियां हिंदी में ही लिखी जा रहीं। अध्यक्ष ने जनवरी-मार्च-2025 तिमाही के दौरान राजभाषा शाखा व अन्य सभी शाखाओं द्वारा किए गए कार्य की सराहना की व हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में सचिन सिंह, दीपक शर्मा, सन्नी कुशवाहा, कमलेन्द्र कुमार आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। पवन कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी व बिरजू सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने बैठक को व्यवस्थित करने में योगदान दिया। अंत में अध्यक्ष ने कहा भाषा किसी भी स्वतंत्र व विकसित राष्ट्र

दैनिक भास्कर नई दिल्ली 17-05-2025

# हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रही है: डॉ. पूरनचंद

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 64वीं बैठक का आयोजन संयुक्त निदेशक(प्रभारी) सुनील यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कार्यालय के सभी अधिकारियों, कार्यालय अधीक्षकों एवं शाखा कार्यालय प्रबंधकों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे दिल्ली विश्वविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर डॉ. पूरनचंद टंडन ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रही है। बैठक में जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए सदस्य सचिव डॉ. स्वीटी यादव ने बताया कि कार्यालय की सभी शाखाओं द्वारा हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जा रहे हैं तथा धारा 3(3)



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते संयुक्त निदेशक सुनील यादव।

के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेज द्विभाषी रूप में ही जारी किए जा रहे हैं। कार्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले सभी मूल पत्र हिंदी में ही जारी किए जा रहे हैं तथा कार्यालय द्वारा सभी टिप्पणियां हिंदी में ही लिखी जा रहीं। संयुक्त निदेशक (प्रभारी) सुनील यादव ने जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के दौरान राजभाषा शाखा एवं अन्य सभी शाखाओं द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया।

# राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने पर किया मंथन

वि. गुरुग्राम : कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन हेतु विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक बृहस्पतिवार को आयोजित हुई। अध्यक्षता संयुक्त निदेशक (प्रभारी) सुनील यादव ने की। बैठक में कार्यालय के सभी अधिकारियों, कार्यालय अधीक्षकों एवं शाखा कार्यालय प्रबंधकों ने भाग लिया। दिल्ली विश्वविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर डा. पूरनचंद टंडन ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रही है। सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार बहुत ही सराहनीय है। बैठक में जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के आंकड़ों की समीक्षा गई। समीक्षा करते हुए सदस्य सचिव डा. स्वीटी यादव ने कहा कि कार्यालय की सभी शाखाओं द्वारा हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जा रहे हैं। धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेज द्विभाषी रूप में ही जारी किए जा रहे हैं। कार्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले सभी मूल पत्र हिंदी में ही जारी किए जा रहे हैं। कार्यालय द्वारा सभी टिप्पणियां हिंदी में ही लिखी जा रही है। बैठक में सचिन सिंह, दीपक शर्मा, सन्नी कुशवाहा, कमलेन्द्र कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।